हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 14 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध कट्टे के साथ आरोपी...



07 मजबूत संगठन बनाएगा बसपा की पांचवीं बार सरकार : रविकांत मौर्य



सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ पर सभी से अपने-अपने घरों में दीपक जलाने का किया आह्वान

लाडली बहना लाभ लेने वाली नहीं, लाभ कमाने वाली बन रही हैं: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की लाडली बहनें लाभ लेने वाली नहीं बल्कि लाभ कमाने वाली बन रही है। नारी सशक्तिकरण केवल नारों से नहीं हो सकता है, इसके लिये प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, रविवार को आगर-मालवा के परेड़ ग्राउण्ड पर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत प्रदेश की सवा करोड़ लाडली बहनों के बैंक खातों में सितम्बर माह की किस्त के रूप में 1835 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करने के बाद आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, विधायक माधव सिंह मधु गहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, जयदीप पटेल, पूर्व विधायक गोपाल परमार, राणा विक्रमसिंह, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय भी विशेष रूप से मंचासीन थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मौके पर आगर-मालवा जिले में 255 करोड़ के विभिन्न 50 कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। साथ ही लाडली लक्ष्मी योजना के तहत दो लाडली लक्ष्मीयों को लाभ पत्र भी प्रदान किये और नन्हीं लाडली लक्ष्मियों को दुलार भी किया तथा विभिन्न



योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीक स्वरूप हितलाभ एवं चैक भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश



मध्यप्रदेश में धार्मिक पर्यटन को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रमुख धार्मिक स्थलों के निरंतर विकास एवं वहां श्रृद्धालुओं के लिये सुविधाओं के विस्तार के कारण प्रदेश में धार्मिक पर्यटक एवं श्रृद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उज्जैन में वर्ष 22-23 जहां 70 लाख श्रृद्धालु आएं थे, जो इस वर्ष बढ़कर 8 करोड़ हो गए है और यह संख्या निरंतर बढ़ रही है। प्रदेश में इस वर्ष 20 करोड़ से अधिक पर्यटक एवं श्रृद्धालु मध्यप्रदेश में आएं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में सुगम परिवहन के लिये गांव-गांव एवं पंचायतों में बसें प्रारंभ की गई है। वर्ष 2030 तक प्रदेशभर में 15 हजार बसें और चलाई जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी आमजनों को बेहतर परिवहन की सुविधा मिलेगी।

में मध्यप्रदेश ही पहला एक मात्र राज्य है, जहां 17 सितम्बर से स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख भू-अधिकार पट्टाधारियों को उनके स्वामित्व की निःशुल्क रजिस्ट्री करवाई जा रही है। जिससे उन्हें पट्टे की जमीन का मालिकाना हक मिल सकेगा।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सभी लोग अपने घरों में दीप जलाकर दीपावली मनाएं

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगामी 17 सितम्बर को प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के जन्मदिवस पर अपने-अपने घरों पर दीये जलाकर दीपावली मनाने का आव्हान किया। उन्होंने मंच से उपस्थितजनों और सभी लाभार्थियों से 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर हर घर पर दीये जलाकर सभी को दिपावली मनाने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाडली बहनाओं से जो वादा किया है, वह निभाना पड़ेगा। हमारी सरकार बहनों को प्रदान की जा रही मासिक सहायता राशि समय-समय पर बढ़ाती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लाडली बहनों का क्या कहना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान, महिला, युवा और गरीब कल्याण के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है। आज प्रदेश का सिंचाई रकबा 60 लाख हेक्टर से अधिक हो गया है। प्रदेश से दस्यू समस्या का पूरी तरह से उन्मूलन हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगर जिले में निरंतर औद्योगिक निवेश बढ़ रहा है। लगभग 400 करोड़ के निवेश से आगर में नई औद्योगिक इकाई का काम भी प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चुनिंदा शहरों में विधि महाविद्यालय है, सरकार ने आगर को भी विधि महाविद्यालय सौगात दी है, इससे कानून की पढ़ाई करने वाले छात्रों को स्थानीय स्तर पर सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने उद्यानिकी, आजीविका मिशन, उद्योग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शित उत्पादों एवं सामग्री के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने लाडली लक्ष्मी श्रेया और अंजली को अपने हाथों से झूला भी झुलाया। लाडली लक्ष्मीयों ने तिलक लगाकर मुख्यमंत्रीजी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने हाथों से लाडली लक्ष्मी श्रेया एवं अंजली को मिठाई भी खिलाई। तत्पश्चात मंच पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांम किया। प्रभारी मंत्री श्री चौहान, सांसद श्री सोलंकी, विधायक आगर श्री गेहलोत, विधायक सुसनेर भेरूसिंह परिहार, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चौहान, जिलाध्यक्ष श्री मालवीय ने पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं बड़ी माला पहनाकर तथा जिले की ओर से बाबा बैजनाथ महादेव एवं माँ बगुलामुखी की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की दौड़ में काफी आगे निकल गया है। उन्होंने उपस्थित लाडली बहनाओं को सितम्बर माह की राशि खातें अंतरित होने पर बधाई भी दी। सांसद श्री सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व में सरकार महिलाओं को आर्थिक संबल एवं सम्मान दिलाने के लिये ही नहीं उनके सशक्तिकरण के लिये भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्रीजी ने आगर-मालवा को विधि महाविद्यालय की सौगात दी है।

सच्चे मन से कामना करने से होती है मुराद पूरी

अद्वितीय बड़ा गणेश मंदिर, कमल पर विराजित हैं गौरीपुत्र गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर के मध्य गणेश दरवाजे पर अत्यंत ही प्राचीन बड़ा गणपति जी की मूर्ति विराजमान है। पुरातत्ववेत्ताओं के अनुसार यह मूर्ति 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन होकर गोबर से बनी हुई है। दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व के दौरान गोबर की यह मूर्ति श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। कहते है यहां भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

नगर के मुख्य द्वार पर स्थित इस मूर्ति की स्थापना किसने की है इसका उल्लेख तो कहीं नहीं मिलता है। लेकिन प्रसिद्ध पुरातत्वविद् स्व. विष्णु श्रीधर वाकणकर (उज्जैन) जब नलखेड़ा आए थे तब उन्होंने इस प्रतिमा को विश्व की एकमात्र गोबर से निर्मित प्रतिमा बताते हुए कहा था कि यह प्रतिमा 500 वर्ष से अधिक प्राचीन है तथा इसकी उंचाई लगभग 10 फीट से अधिक है।

पुरातत्ववेत्ताओ तथा किवदंतियों के अनुसार राजा नल की नगरी नलखेडा में पांडवकालीन पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी का प्राचीन मंदिर होने से यह नगर देश सहित विदेशो में भी प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है। सैकड़ों वर्ष पूर्व नलखेड़ा नगर गांव के रुप में पूर्व दिशा में 2 किलोमीटर दूर बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर की पहाड़ी पर बसा हुआ था। प्राकृतिक आपदा के कारण उस वक्त का नलखेड़ा गांव जमीदोंज हो गया। इसके बाद ग्वालियर रियासत के तात्कालिक महाराजा माधवराव सिंधिया (मोतीवाला) के एक मराठा सूबेदार ने नलखेड़ा नगर को नया स्वरूप दिया व नगर की सुरक्षा के लिए चारों ओर ऊंची दीवारों का परकोटा बनाया गया। उस समय नगर की सुरक्षा के लिए चार दिशाओं में चार दरवाजे भी बनाए गए, जिनके अवशेष आज भी हैं। इनमे से दो नाम गणेश दरवाजा एवं सती दरवाजा आज भी प्रचलन में है। एक दरवाजे के मुहाने पर गणपतिजी की विशालकाय मूर्ति स्थापित है, इसी कारण इसका नाम गणेश दरवाजा रखा गया। नलखेड़ा नगर के धार्मिक इतिहास को देखकर पूर्व शंकराचार्य व भारत माता मंदिर हरिद्वार के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी व जैन संत जिनचंद्र सूरिजी, बीकानेर (राजस्थान) ने कहा था कि जिस नगर के मुख्य द्वार पर गणेश व दाहिने हाथ पर मां जगदंबा भवानी विराजमान हो, वहां कोई आपदाऐं नहीं आती है।

गणेश जी की इस विशालकाय प्रतिमा के आसपास रिद्धि-सिद्धि की प्रतिमाएं भी विराजित हैं। इस मंदिर को शासन से प्राप्त राशि से नया स्वरूप प्रदान किया गया है। जिसमें गणेश प्रतिमा के नीचे कमल के फूल का निर्माण करवाया गया। इससे अब ऐसा स्वरूप दिखाई पडता है कि भगवान श्री गणेश कमल के फूल पर विराजित हैं।

कचनारिया में भी बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

लोक देवता रामदेव बाबा के जन्मोत्सव पर तहसील के ग्राम कचनारिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर में भी रामदेव जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बाबारी भक्तों द्वारा हवन अनुष्ठान कर ग्राम में ध्वज यात्रा निकाली गई। जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार की प्रातः हवन पूजन के साथ बाबा का अभिषेक किया गया। ग्राम में ध्वज यात्रा निशान बनोरी निकाली गई। बाबा के सैकडो भक्तो ने मंदिर में हवन, पूजन कर महाआरती की एवं मंदिर मे निशान व झंडे चढाये गये। रामदेव भक्त मंडल के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमो के साथ भडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया गया। जन्मोत्सव के इस मौके पर भक्तो ने जमकर रंग गुलाल उड़ाकर जन्म की खुशियॉ मनाई।

नगर में भी निकाला गया चल समारोह

नलखेड़ा नगर के रामपुरा मोहल्ले से बाबा रामदेव जी की झांकी के साथ बाबा के अनुयायियों द्वारा चल समारोह निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जन एवं महिलाएं डीजे बैंड पर बज रहे बाबा रामदेवजी के भजनों पर नाचते थिरकते चल रहे थे। स्थान - स्थान पर नागरिकों ने लोक देवता रामदेव जी की पूजा अर्चना कर दर्शन किए।



मेघवाल समाज ने निकाली श्री बाबा श्री रामदेवजी महाराज की भव्य शोभायात्रा

मानपुरा/मंदसौर। स्थानीय मेघवाल समाज ने रविवार 13 सितंबर को नगर मानपुरा में अपने आराध्य देव बाबा श्री रामदेव महाराज की शोभायात्रा पूरे उत्साह व परम्परागत रूप से निकाली। शोभायात्रा वार्ड नंबर 8 स्थित श्री बाबा रामदेव जी महाराज के मंदिर से दोपहर 1:00 बजे बाद प्रारंभ हुई जो सूर्य गेट, मोटर मार्केट, पुराना बस स्टैंड, विजय स्तंभ नया बस स्टैंड, रामपुरा गेट एवं सदर बाजार, धानमंडी होकर पुनः समाज के मंदिर तक ढोल व बैंड बाजों की धुन पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का सनातन धर्म मंडल मानपुरा सहित अन्य संस्थाओं ने अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा के दौरान यूवक-यूवतियों ने भजनों की धून पर खूब जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर बाबा रामदेव की प्रतिमा रथ में सजी-धजी थी एवं शोभायात्रा में वाहन में बाबा रामदेव जी के विशालकाय घोड़े को प्रतीकात्मक रूप से सजाया गया था। इस अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना व आरती कर प्रसादी वितरण किया गया। भव्य शोभायात्रा पर मेघवाल समाज के अध्यक्ष बापूलाल मेघवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रार्थना सभा का भी हुआ कार्यक्रम

शिक्षक पहुंचे मां बगलामुखी की शरण में, प्रार्थना यात्रा के साथ न्याय प्राप्ति यज्ञ रखा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के बैनर तले शिक्षक संवर्ग की गंभीर समस्याओं के निदान एवं समाधान हेतु समस्त शिक्षक मॉ बगलामुखी की शरण में पहुंचे। संघ के आव्हान पर प्रदेश के समस्त जिलों में शिक्षकों द्वारा रविवार को प्रार्थना यात्रा आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख कार्यकम प्रांतीय संभागीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में मॉ बगलामुखी के मंदिर में प्रार्थना यात्रा के साथ न्याय प्राप्ति यज्ञ रखा गया। यात्रा के पूर्व प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ जिसमें पी एम यू एम एस कर्मचारी कल्याण कोष के जिला स्तरीय कार्यक्रम में पदाधिकारियों द्वारा शिक्षक हित में किए गए प्रयास और जारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रांतीय महामंत्री विनोद राठौर, केशव रघुवंशी, भोपाल संभागीय अध्यक्ष ऋतुराज तिवारी, उत्तम पंचवरिया, अखिलेश सिंह नरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा अपने वक्तव्यों में शिक्षकों के सम्मान की रक्षा, टीईटी के संबंध में न्यायपूर्ण निर्णय, सरकार शिक्षकों की भावना को समझकर सकारात्मक निर्णय लेने पर अपने विचार रख कर्मचारी कल्याण कोष की आगामी योजना में दुर्घटना, गंभीर बीमारी, पूर्ण



रूप से शिथिलांग होने पर, और सेवानिवृत्ति पर आर्थिक सहयोग की अपील पर चल रही कार्य योजना के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कोष के सदस्य के रूप में राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अनिल सोनी, पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन जिला अध्यक्ष दिनेश मेहता, राज्य शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भारत जाटव, राष्ट्रीय शिक्षक मंच जिलाध्यक्ष दीपसिंह दलोदिया, प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष दुर्गाशंकर शर्मा, शिक्षाकर्मी उत्थान समिति जिलाध्यक्ष कालूसिंह मालवीय आदि का सम्मान किया गया।

प्रदेश के मुखिया आगर में और शिक्षक मां की शरण में


लाडली बहना की योजना के कार्यक्रम में आगर में माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आए लेकिन सब प्रयास करने के बाद भी सरकार द्वारा शिक्षकों की टीईटी परीक्षा, वरिष्ठता, केंद्रीय वेतनमान पुरानी पेंशन जैसी विकराल समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर माननीय मुख्यमंत्री के पास न जाते हुवे माँ की शरण में त्राहिमाम त्राहिमाम करते हुवे प्रार्थना यात्रा लेकर पहुंचे। और सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने हेतु न्याय प्राप्ति यज्ञ कर माताराणी को अपनी अर्जी सौंपी। प्रार्थना यात्रा तीर्थ यात्री सेवा सदन पार्किंग स्थान से माताजी मंदिर तक पहुंची। यात्रा पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण होकर माता रानी से न्याय मांगने के लिए रही । कार्यक्रम के आयोजक जिला प्रभारी कमल सिंह राठौड़ द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार तमिलनाडु सरकार द्वारा अपनी विधानसभा में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता से छूट को लेकर प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा ठीक उसी प्रकार मध्यप्रदेश सरकार भी शिक्षकों के हित में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार भी भेजे और शिक्षकों की गंभीर समस्याओं का त्वरित निराकरण करे। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी जयप्रकाश गौर, राजगढ़ जिला अध्यक्ष बंशीलाल सोनी अपनी टीम के साथ शाजापुर, आलोट महिदपुर, मोहन बड़ोदिया, खिलचीपुर माचलपुर, सारंगपुर के शिक्षक यात्रा में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज दुबे और सुमेर सिंह राठौड़ द्वारा किया गया अंत में कार्यक्रम के आयोजक मंडल आई टी सेल प्रभारी आर सी बेगाना, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी, संयोजक मनोहर चौहान, गोपाल आदि रहे मौजूद।

मंदिर प्रबंध समिति ने की शिकायत

महिला श्रद्धालु से हवन के नाम पर लूट और अशोभनीय कृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर छत्तीसगढ़ की एक महिला द्वारा हवन के नाम पर अपंजीकृत पंडित द्वारा लूट किये जाने एवं रात्रि में मंदिर में स्थित धर्मशाला में एक अन्य व्यक्ति द्वारा अशोभनीय कृत्य किये जाने की शिकायत मंदिर प्रशासन को की गई थी जिस पर मंदिर प्रशासन द्वारा शनिवार को पुलिस थाने पर शिकायत कर आरोपी के खिलाफ वैद्यानिक कार्यवाही करने की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा छत्तीसगढ़ निवासी महिला श्रीमती शालिनी घाडगे एवं तीन लडकिया शुक्रवार को सायं माँ बगलामुखी मंदिर पहुंची। उन्होंने शिकायत में बताया कि यहाँ ऑनलाइन राहुल बैरागी से संपर्क कर हवन किया। हवन पश्चयात पता चला कि उक्त पंडित मंदिर समिति में पंजीकृत नही है। ऐसे में उसके द्वारा



हमसे हवन के नाम पर लूट की गई। रात्रि में हमारी बस निकल जाने के बाद हमें मंदिर में स्थित धर्मशाला में विश्राम के लिए सुला दिया गया। रात्रि में सोनू शर्मा नामक व्यक्ति द्वारा उनसे अशोभनीय कृत्य किया गया। उक्त शिकायत महिला द्वारा मंदिर प्रबंध समिति को की गई जिस पर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा शनिवार को पुलिस थाने पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ वैद्यानिक कार्यवाही के लिए आवेदन दिया गया।

जम्मा जागरण और भंडारे का हुआ आयोजन, भक्तों की उमड़ी भीड़

बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर शहर में निकली ध्वज यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर नगर में स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन हुवे। स्थानीय बल्डावदा रोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर बाबा के जन्मोत्सव पर बाबा रामदेव सेवाधाम समिति द्वारा दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किये गए। नगर के बल्डावदा मंदिर रोड़ पर स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को रात्रि 8 बजे से जम्मा जागरण हुआ जिसमें बाबा के एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। इन भजनों पर भक्त देर रात तक थिरकते रहे। रविवार को प्रातः 9 बजे से श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से ध्वज यात्रा का चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में एक सुज्जित रथ पर बाबा रामदेव जी की प्रतिमा विराजित थी। वहीं बाबा के सेवक



गणेशलाल सोनी हाथ में बाबारी ध्वजा लेकर चल रहे थे। मार्ग में स्थान स्थान पर बाबारी भक्तों के साथ नगरवासियों द्वारा रामदेव प्रतिमा के साथ ध्वज पूजन किया गया।साथ ही बाबा के सेवक श्री सोनी को तिलक कर श्रीफल व नगदी भेंट की गई। ध्वज यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बाबा रामदेव मंदिर पहुंची। प्रातः 11 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई। दोपहर 1.30 बजे बाबा को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। बाबा के जन्मोत्सव पर दिनभर बाबा के दर्शनार्थ भक्तों का तांता लगा रहा। इसके साथ ही नगर के गोविंदपुरा, रामपुरा, काछी मोहल्ला आदि स्थानों पर स्थित बाबा रामदेव मंदिरों पर भी भंडारे, महाआरती के आयोजन हुवे।

रामदेव जी की दूज पर बाबा का हुआ दिव्य श्रृंगार



कानड़। बाबा रामदेव जी की दूज का पर्व नगर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में कई स्थानों पर भंडारे एवं प्रसाद वितरण के आयोजन किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रामदेव जी मंदिर का किया आकर्षक श्रृंगार कानड़ क्षेत्र में बाबा रामदेव जी का एकमात्र स्थान नगर के राठौर समाज की बावड़ी पर स्थित है, जहां बाबा रामदेव जी की चरण पादुका विराजित हैं। दूज के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक गुब्बारों से सजाया गया। वहीं बाबा रामदेव जी का फूलों से भव्य एवं दिव्य श्रृंगार किया गया तथा मंदिर पर बाबा रामदेव जी की ध्वजा चढ़ाई गई।सुबह से ही श्रद्धालु बाबा के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते रहे। मंदिर परिसर के समीप महिलाओं द्वारा बाबा रामदेव जी के भजन-कीर्तन किए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

151 किलो खीर का किया वितरण

रामदेव भक्त समिति द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण किया गया। वहीं श्री सांवरिया सेठ ग्रुप द्वारा 151 किलो खीर बनाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित की गई।आयोजन में अनिल राठौर, कमल राठौर, मुकेश राठौर, पवन राठौर, दीपक राठौर, पवन बीजापारी, अशोक विश्वकर्मा, विष्णु बीजापारी एवं जितेंद्र मालवीय सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। श्री सांवरिया सेठ ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष बाबा रामदेव जी की दूज के अवसर पर यह आयोजन किया जाता है।

खबर संक्षेप

आज और कल बंद रहेगी मांस-मछली की दुकानें

देवास। गणेश चतुर्थी एवं पर्युषण पर्व के अंतिम दिवस के अवसर पर देवास नगर निगम सीमा क्षेत्र में सोमवार एवं मंगलवार को पशुवध गृह सहित चिकन, मांस, मटन, मछली एवं अंडे की सभी दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान सभी प्रकार के नॉनवेज होटल भी पूर्णतः बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर को निगम सीमा क्षेत्र में संचालित संबंधित दुकानों एवं होटलों को बंद रखने की सूचना देने के निर्देश दिए गए। इसके पालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी संबंधित व्यवसायियों एवं होटल संचालकों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं।स्वास्थ्य निरीक्षक ठाकुर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दोनों दिवसों पर संबंधित दुकानें एवं होटल पूर्णतः बंद रखना अनिवार्य है। यदि इस दौरान कोई दुकान या होटल खुला पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

महासमाधि दिवस पर निकली पालकी यात्रा


देवास। नीम करोली बाबा के महासमाधि दिवस के पावन अवसर पर जवाहर नगर स्थित ए.बी. रोड के कामिका धाम में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। आयोजन के तहत शाम 6 बजे नीम करोली बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मंदिर समिति के सदस्य गुरप्रीत ईशर, हेमंत उपाध्याय, हेमंत बिसोरे एवं अंकित सिंह ने बताया कि नीम करोली बाबा के महासमाधि दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह धार्मिक आयोजन प्रसिद्ध भागवत आचार्य डॉ. सर्वेश्वर शर्मा गुरुजी, कपालिक अखाड़ा उज्जैन के संस्थापक महामंडलेश्वर तांत्रिक भय्यू महाराज के मार्गदर्शन तथा विधायक गायत्री राजे पवार के सानिध्य में संपन्न हुआ। शाम 6 बजे कामिका धाम से पालकी यात्रा प्रारंभ हुई। धार्मिक वातावरण के बीच बाबा के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पालकी के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति रवि जैन, पार्षद आलोक साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। पालकी यात्रा के पश्चात शाम 7:30 बजे नीम करोली बाबा की प्रतिमा का आधार पूजन विधि-विधान एवं धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।


0 से 5 वर्ष तक के पूर्णतः नि:शुल्क आधार पंजीयन पर वसूली का आरोप

दो साल की बच्ची के आधार के लिए 125 रुपए आधार सेंटर की निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

बागली में आधार सेंटर की कार्यप्रणाली अनियमितता के दायरे में दो, निशुल्क सुविधा का शुल्क लेने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली





महिला एवं बाल विकास विभाग बागली की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अब आधार सेंटर पर दो वर्षीय बच्ची के आधार पंजीयन के लिए 125 रुपए लेने और आधार में एड्रेस अपडेट के निर्धारित 75 रुपए के बजाय 125 रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। शिकायत सामने आने के बाद विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी अनुसार शनिवार को एक हितग्राही अपनी दो वर्षीय बेटी लुभांशी का आधार पंजीयन कराने घाट परियोजना परिसर पहुंची थी। आरोप है कि बच्ची के आधार पंजीयन के लिए 125 रुपए लिए गए। वहीं हितग्राही के आधार कार्ड में एड्रेस अपडेट करने के लिए भी निर्धारित 75 रुपए के स्थान पर 125 रुपए लिए गए। दोनों कार्यों के लिए कुल 250 रुपए सेंटर संचालक के फोन-पे पर ऑनलाइन जमा कराए गए।

आधार पंजीयन के लिए अलग जिम्मेदारी, फिर घाट में कैसे चला सेंटर?

मामले में यह भी सामने आया कि बागली और घाट परियोजना में आधार पंजीयन के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके बावजूद घाट परियोजना परिसर में बागली परियोजना से संबंधित व्यक्ति द्वारा आधार बनाने का काम किए जाने की बात सामने आई है। इससे सवाल उठ रहा है कि अलग-अलग जिम्मेदारी तय होने के बावजूद आधार सेंटर का संचालन दूसरे परियोजना परिसर में किस अनुमति से किया जा रहा था।


निगरानी पर भी उठे सवाल

सेंटर के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी संबंधित संविदा सुपरवाइजर की बताई जा रही है। ऐसे में सेंटर के स्थान परिवर्तन और निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लिए जाने की जानकारी निगरानी तंत्र तक क्यों नहीं पहुंची, यह जांच का विषय है। बागली आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर हितग्राही सरकारी योजनाओं के लिए इन केंद्रों पर निर्भर हैं। ऐसे में निःशुल्क सेवा के लिए राशि लेने तथा निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की शिकायत गंभीर मानी जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अहमद सिद्दीकी ने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है। मामला गंभीर है, इसे दिखवाता हूं। प्रभारी परियोजना अधिकारी बागली कौशल्या मालवीय ने कहा कि केंद्र संचालक को सभी नियम बता दिए गए थे। अतिरिक्त राशि लेने की जानकारी आपके माध्यम से मिली है। मामले को दिखवाती हूं।

डंपर की चपेट में आने से दो की मौत, इकलेरा फाटे पर हुआ हादसा

निजी कंपनी के डंपर से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर-बैतूल हाईवे मार्ग स्थित इकलेरा फाटे पर शनिवार देर रात डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल बागली भेजा गया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।पुलिस के अनुसार हादसे में इकलेरा निवासी प्रवीण पिता दशरथ सोलंकी और समर पिता चंद्रा मालवीय की मौत हुई है। दोनों युवक बाइक से जा रहे थे, इसी दौरान डंपर क्रमांक एमपी 20 एचबी 5331 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर चापड़ा पुलिस चौकी प्रभारी राकेश चौहान के निर्देशन में डायल-112 के पायलट संजय उपाध्याय, सैनिक सुरेंद्र सिंह दरबार सहित पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। रविवार को पोस्टमार्टम के दौरान मृतकों के परिजन एवं समाजजनों ने अस्पताल परिसर में प्रदर्शन करते हुए दोनों परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। परिजनों का कहना था कि हादसे में दोनों परिवारों ने अपने कमाऊ सदस्यों को खो दिया है, इसलिए डंपर से संबंधित श्रीजी कंपनी की ओर से आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए।चौकी प्रभारी राकेश चौहान ने बताया कि हादसा श्रीजी कंपनी के डंपर से हुआ है। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में भी शोक का माहौल रहा।

शिक्षकों ने निकाली न्याय यात्रा महाकाल के दरबार में लगाई अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ (PMUMS) के प्रांतीय आह्वान पर रविवार को प्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ न्याय यात्रा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में देवास में भोपाल चौराहा स्थित शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय के मुख्य द्वार से ग्राम बिलावली स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर तक शिक्षकों ने न्याय यात्रा निकाली। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर शिक्षकों ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान महाकाल का पूजन एवं जलाभिषेक किया। इसके बाद शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं और मांगों के न्यायपूर्ण एवं व्यवहारिक समाधान के लिए भगवान महाकाल के समक्ष ज्ञापन के माध्यम से अर्जी लगाई गई।ज्ञापन में शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त करने, केंद्रीय वेतनमान लागू करने, ई-अटेंडेंस प्रणाली समाप्त करने, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की गणना करने तथा पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की गई। साथ ही शासन को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना भी भगवान भोलेनाथ से की गई।ज्ञापन का वाचन श्री पुरुषोत्तम सिसोदिया ने किया। यात्रा के समापन पर संगठन के देवास जिला प्रभारी अभिजीत सिंह बैस ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।न्याय यात्रा में देवास जिले के सभी विकासखंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संगठन पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सचिन सरकार, संदीप बघेल, सहज सरकार, हजारीलाल चौहान, बापूलाल कोरी, घनश्याम सिंह शक्तावत, जयदेव चौकटे, संदीप मानेकर, सुनील लोनारे, कमल चंद्रवंशी, राजेंद्र सूर्यवंशी, त्रिलोक सिंह राठौड़, शोभा वर्मा, राजेश सोनी, प्रमोद बाला यादव, आशा गाड़े, शिवनारायण चौधरी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। यह जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा ने दी।

खदान की तलाई में मिला मजदूर का शव, मामले की जांच में जुटी बरोठा पुलिस

देवास। ग्राम केलौद से सुतारखेड़ा मार्ग पर शनिवार शाम खदान की तलाई में एक मजदूर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर बरोठा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। रविवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान कायथा निवासी मनोज वर्मा के रूप में हुई है। वे मजदूरी करते थे।

रातभर चली पुलिस की सघन चेकिंग, 594 वाहन जांचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अपराधों की रोकथाम और रात में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए देवास पुलिस ने 12-13 सितंबर की मध्यरात्रि जिलेभर में सघन रात्रि गश्त और वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 594 वाहनों की जांच की गई। साथ ही निगरानीशुदा बदमाशों की गतिविधियों का भी सत्यापन किया गया।पुलिस के अनुसार शहरी क्षेत्र में 392 और ग्रामीण क्षेत्र में 202 वाहनों की जांच की गई। प्रमुख मार्गों, चौराहों, प्रवेश-निकास मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। इसी दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 15 गुण्डा एवं 2 हिस्ट्रीशीटर भी चेक किए गए। पुलिस ने उनकी उपस्थिति और गतिविधियों का सत्यापन किया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि रात में यातायात नियमों का पालन करें, नशे में वाहन न चलाएं और किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल डायल-112 पर दें।

ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अवैध हथियारों की तस्करी एवं इनके उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत सिविल लाइन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध देशी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार 13 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अपराध क्रमांक 512/2026 में फरार आरोपी शाहरूख उर्फ मोटा मिश्रीलाल नगर की ओर जा रहा है और इंदौर भागने की फिराक में है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कर्मदीप चौराहे के आगे मेंढकी रोड पर घेराबंदी कर आरोपी शाहरूख उर्फ मोटा पिता सलीम मेवाती (32), निवासी अन्नपूर्णा नगर, इटावा, देवास को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउंड बरामद हुआ।आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 513/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल देवास भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी सहित पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

भौरासा, हाटपिपल्या व चापड़ा क्षेत्र में आबकारी ने 8 प्रकरण किए दर्ज, 3.60 लाख की सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और विक्रय के खिलाफ आबकारी विभाग एवं पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। रविवार को आबकारी-पुलिस की संयुक्त टीम ने वृत्त सोनकच्छ के भौरासा तथा बागली 'अ' एवं 'ब' क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त किया।कार्रवाई के दौरान करीब 3500 किलोग्राम महुआ लाहन, 89 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 270 पाव देशी मदिरा तथा 24 नग बोल्ट बीयर जब्त की गई। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य करीब 3.60 लाख रुपए बताया गया है। मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 7 तथा धारा 34(2) के तहत 1 प्रकरण, कुल 8 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं।कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनाशे, नीलेश पवार, आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह सहित आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। विभाग ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

सेन थॉम की दोनों संस्थाओं को मिला अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सेन थॉम एकेडमी एवं सेन थॉम पब्लिक स्कूल, देवास को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिष्ठित 'समावेश स्कूल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। आर्टेमिस एजुसालूशन्स द्वारा इंदौर स्थित द शेरेटन ग्रैंड में आयोजित समारोह में दोनों संस्थाओं को यह सम्मान प्रदान किया गया।सेन थॉम एकेडमी, देवास को शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के सर्वश्रेष्ठ क्रियान्वयन हेतु सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के रूप में समावेश स्कूल अवॉर्ड दिया गया। इसी क्रम में सेन थॉम पब्लिक स्कूल, देवास को सर्वाधिक प्रभावशाली शिक्षण विधियों के लिए उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में सम्मानित किया गया। दोनों संस्थाओं को ये प्रतिष्ठित सम्मान सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने प्रदान किए। सेन थॉम एकेडमी के प्राचार्य पुनीत उपाध्याय एवं सेन थॉम पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका सोमाली घोष ने संस्थाओं की ओर से पुरस्कार ग्रहण किए।संस्था प्रबंधन ने इस उपलब्धि को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारपूर्ण शिक्षण, शिक्षक विकास और विद्यार्थियों को बेहतर अधिगम अनुभव प्रदान करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया।

गणेशधाम की अनोखी कहानी, खुद विराजे थे गणपति

बागली नहीं गए, भौरासा में रुके भगवान गणेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरासा



नगर के गणेश मोहल्ला क्षेत्र स्थित गणेशधाम मंदिर में विराजमान भगवान श्री गणेश की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। करीब 450 वर्ष पुरानी बताई जाने वाली इस प्रतिमा के बारे में मान्यता है कि इसे किसी व्यक्ति ने मंदिर में स्थापित नहीं किया, बल्कि भगवान श्री गणेश स्वयं यहां विराजमान हुए थे। मंदिर के पुजारी महंत सदाशिव गोस्वामी एवं महंत संतोषगिरि गोस्वामी बताते हैं कि वर्षों पहले कुछ श्रद्धालु जयपुर से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा लेकर बैलगाड़ी से बागली जा रहे थे। रास्ते में रात्रि विश्राम के लिए वे भौरासा स्थित महंत नाथूगिरि गोस्वामी के मठ पर रुके। प्रतिमा बैलगाड़ी में रखी हुई थी। सुबह जब लोग उठे तो प्रतिमा बैलगाड़ी में नहीं मिली और वह मठ परिसर में विराजमान मिली। बताया जाता है कि प्रतिमा को बागली ले जाने के लिए लोगों ने काफी प्रयास किया, लेकिन वह अपने स्थान से हिली तक नहीं। इसके बाद वे प्रतिमा को वहीं छोड़कर बागली लौट गए। बाद में महंत एवं नगरवासियों ने विधि-विधान से प्रतिमा की स्थापना की। तभी से यह स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि भगवान श्री गणेश के पूजन अर्चन के बाद शुरू किया गया कार्य सफल होता है। विवाह या अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत से पहले कई परिवार यहां भगवान के चरणों में 'पाती' रखने की परंपरा निभाते हैं।

संतान प्राप्ति की भी मान्यता

मंदिर से जुड़ी एक अन्य मान्यता संतान प्राप्ति से जुड़ी है। श्रद्धालुओं के अनुसार संतान की इच्छा रखने वाले दंपती यहां भगवान गणेश की पूजा कर उल्टा स्वास्तिक बनाकर मन्नत मांगते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर संतान का तुला दान कर मन्नत पूरी करने की परंपरा भी है। नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी का कहना है कि वे अपने कार्यों की शुरुआत भगवान गणेश के दर्शन के बाद करते हैं। व्यापारी बालकृष्ण गर्ग ने बताया कि मंदिर की चेतन्य प्रतिमा के दर्शन उनके लिए आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र हैं। कपड़ा व्यापारी नितिन ओमप्रकाश सारड़ा के अनुसार उनकी दिनचर्या की शुरुआत और समापन भगवान गणेश के दर्शन से होता है। महंत गोस्वामी बताते हैं कि उनके परिवार की पिछली पांच पीढ़ियां भगवान श्री गणेश की सेवा करती आ रही हैं। गणेश चतुर्थी पर मंदिर में महाआरती कर सवा क्विंटल लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा।

पर्यूषण महापर्व पर आयोजित हुआ भगवान महावीर का जन्म वाचन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पर्यूषण महापर्व के अवसर पर श्री त्रिभुवनभानु पार्श्वनाथ श्री माणिभद्रवीर श्वेतांबर जैन मूर्तिपूजक तपागच्छ तीर्थ न्यास, शिवपुर मातमोर में बीते बुधवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन समारोह हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चापड़ा, बागली, डबल चौकी, पानीगांव, बधावा, कांटाफोड़, हाटपीपल्या, पोटला सहित विभिन्न स्थानों से जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। समारोह में माता त्रिशला के चौदह महा स्वप्नों के चढ़ावे का लाभ श्रद्धालु परिवारों ने लिया। भगवान महावीर स्वामी के पालना झुलाने का लाभ मांगीबाई बरडिया परिवार ने लिया। जैन अलर्ट ग्रुप के नवयुवकों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, वहीं चापड़ा श्रीसंघ के बच्चों ने सांस्कृतिक एवं नृत्य प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के बाद समाजजनों ने स्वामी वात्सल्य का लाभ लिया।शिवपुर तीर्थ पर जन्म वाचन के बाद सकल श्रीसंघ के साथ भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव चापड़ा स्थित जैन मंदिर में भी मनाया गया। यहां माता त्रिशला के चौदह महा स्वप्नों के चढ़ावे का लाभ विभिन्न समाजजनों ने लिया। मनीष-अंतिम सुराणा ने सकल संघ को केसर के छापे लगाने का लाभ लिया। भगवान महावीर स्वामी को पालना झुलाने का लाभ बरडिया परिवार ने लिया। इसके बाद 108 दीपकों से भगवान महावीर स्वामी की महाआरती की गई, जिसका लाभ लोढ़ा परिवार ने लिया।संध्या के समय बरडिया परिवार की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया गया।

खबर संक्षेप

लोक अदालत में 33167 मुकदमों का निस्तारण

ललितपुर । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार यादवेन्द्र सिंह-प्रथम, प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर की अध्यक्षता एवं देवप्रिय सारस्वत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जनपद न्यायालय परिसर ललितपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम यादवेन्द्र सिंह-प्रथम, प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर में मेडीकल हेल्थ चेक अप कैम्प एवं उधोग विभाग द्वारा इस अवसर पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट एवं वन डिस्ट्रिक्ट वन का भी आयोजन किया गया। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के कुल 33167 वादों का निस्तारण किया जाकर 11,57,32,884/- रूपये की समझौता धनराशि का निर्धारण किया गया। मुख्यालय पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, बैंक के अधिकारी/कर्मचारीगण, वादकारीगण उपस्थित रहे एवं वादकारियो ने अपने वादों का सुलह-समझौता के आधार पर निस्तारण कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त किया।

बरौदी नकीब में चकबंदी प्रक्रिया समाप्त

ललितपुर। जिले की तहसील एवं परगना ललितपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरौदी नकीब में चल रही चकबंदी प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से विधिवत अधिसूचना जारी की गई है। चकबंदी संचालक, उत्तर प्रदेश डा. हृषिकेश भास्कर यशोद ने उत्तर प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम-1953 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-5, 1954 ई.) की धारा 52(1) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए ग्राम बरौदी नकीब में चकबंदी की कार्रवाई समाप्त किए जाने की घोषणा की है। अधिसूचना के अनुसार यह घोषणा सरकारी गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी। इसके साथ ही संबंधित ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया के तहत संचालित कार्यवाही को विधिक रूप से समाप्त माना जाएगा। शासन की ओर से इस संबंध में जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी, ललितपुर तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी, ललितपुर सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिसूचना की सूचना क्षेत्र के स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने के साथ ही संबंधित कट्कों में भी उचित तरीके से प्रचारित एवं प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें। चकबंदी प्रक्रिया समाप्त होने की अधिसूचना जारी होने से ग्राम बरौदी नकीब से संबंधित चकबंदी कार्रवाई के संबंध में शासन स्तर पर आवश्यक औपचारिकता पूरी हो गई है।

वात्सल्य में रहेगी गणेशोत्सव की धूम

विदिशा। 14 से 22 सितंबर तक वात्सल्य स्कूल में गणेशोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। 14 सितंबर को सुबह 8.30 बजे से शाम 4 बजे तक भगवान गणेश की स्थापना के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम होंगे। 22 सितंबर की सुबह 10 बजे भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। गणेशोत्सव में प्रतिदिन भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाते हैं।

5.5 लाख का कॉपर वायर चुरा ले गए

विदिशा। कोतवाली थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास मोटर वाइंडिंग की दुकान में चोरी हो गई। रात में चोर दुकान की छत पर लगी टीन की चादर हटाकर अंदर घुसे। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। कॉपर वायर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। दुकान मालिक के अनुसार चोर करीब 3 से 3.5 क्विंटल नया और पुराना कॉपर वायर ले गए।

बसपा की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

मजबूत संगठन बनाएगा बसपा की पांचवीं बार सरकार : रविकांत मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी की ओर से आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की कवायद तेज कर दी गई है। इसी क्रम में बसपा कार्यालय में 226 ललितपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सेक्टर एवं बूथ गठन कार्यों की गहन समीक्षा के लिए विधानसभा स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी रविकांत मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने की।

बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी रविकांत मौर्य ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाकर ही आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ संगठन के विस्तार में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही बसपा की पांचवीं बार सरकार बनाने का आधार तैयार करेगा। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के बाद 226 ललितपुर विधानसभा क्षेत्र को संगठनात्मक दृष्टि से पांच संभागों में विभाजित किया गया। प्रत्येक संभाग की जिम्मेदारी पार्टी के पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। जिम्मेदार पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह अपने-अपने क्षेत्र में मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करें तथा कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क बनाए रखें। बैठक में कहा गया कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन की जमीनी तैयारियां अभी से पूरी करनी होंगी। प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम का गठन, मतदाताओं से सीधा संवाद तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता होगी।

बैठक में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कैडर कैंप को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि कैडर कैंप महज औपचारिक कार्यक्रम नहीं होंगे, बल्कि इनके माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, चुनावी रणनीति और बूथ स्तर की जिम्मेदारियों के प्रति प्रशिक्षित किया जाएगा। स्पष्ट किया गया कि मंडल, जिला, विधानसभा, सेक्टर और बूथ स्तर के जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की कैडर कैंप में उपस्थिति अनिवार्य होगी। बिना उचित कारण के अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ संगठनात्मक स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया कि चुनाव से पहले प्रत्येक बूथ को पूरी तरह सक्रिय करना होगा। इसके लिए संभागवार जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं और संबंधित पदाधिकारियों के कार्यों की लगातार समीक्षा भी की जाएगी। बसपा नेताओं ने कहा कि संगठन को निष्क्रिय पदाधिकारियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाएगा।

जिम्मेदारी लेकर जमीन पर सक्रिय रूप से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन में प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर संगठन की मजबूती के लिए काम करने तथा बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के विचार को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, कैडर निर्माण, सेक्टर एवं बूथ गठन और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में पार्टी संगठन को और अधिक सक्रिय एवं चुनावी मोड में लाकर जमीनी स्तर पर मजबूत टीम तैयार की जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड., हाजी मु.फैय्याज, जिला महासचिव छोटेलाल प्रजापति, जिला सचिव संजय कुमार चौधरी, कल्याण पटेल, केहर सिंह गौतम, धर्मेंद्र अहिरवार, देवेंद्र अहिरवार, संतोष अहिरवार, बंसीलाल अहिरवार धुर्वारा, राकेश कुशवाहा, अर्जुन लाल अहिरवार जाखलौन, भूपेंद्र सिरवैया, दीपक सुमन, पार्षद सोनू यादव, सुनील साहू, हरिशंकर बंटी, हरि यादव, आदित्य सिंह गौतम, प्रेमलाल अहिरवार, काशीराम अहिरवार, दयाराम अहिरवार, कपिल अहिरवार, तुलाराम राजपूत, चंद्रपाल सिंह, सुनील कुमार, श्याम मैडम, मीना मैडम, महेश कुमार, नीरज पिसनारी, कीरत सिंह राजपूत, शिशपाल सूर्यवंश, मलखान सिंह अहिरवार, घनश्याम नेहरू नगर एवं डा.अनीश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा देगा धार

हमारा बुंदेलखंड हमें वापस दो, पृथक बुंदेलखंड प्रांत की मांग, सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक भानुशाह ने बुंदेलखंड प्रांत की मांग को लेकर, सत्याग्रह एवं राम कौ कौल (कसम) अभियान 21अक्टूबर 2026 से गाँधी उद्यान, कचहरी के पास में किया जायेगा। प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर तीन साल के भीतर बुन्देलखण्ड राज्य बनवा देने का वादा किया गया था । तीन साल की जगह 12 साल से ज्यादा का समय हो चुका है परन्तु अभी तक कार्यवाही प्रारम्भ नही हुई है, जिसके लिये सत्तादल के जनप्रतिनिधियों द्वारा आवाज नही उठाई जाने के लिये राम कौ कोल (कसम) अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है । अनशन एवं सत्याग्रह व राम कौ कोलह (कसम) अभियान मे लोगों को बड़ी संख्या में जोड़ने के लिये जनप्रतिनिधि धिक्कार यात्रा का निम्नवत आयोजन किया जा रहा है।

बबीना, बंगरा, मोंठ, बरुआसागर, अम्बाबाय, मऊरानीपुर, चिरगांव एवं गरौठा में प्रधानमंत्री, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को खून से पत्र लिखें जायेंगे। शाम को बैदौरा, पड़रा, समथर, टहरौली, रक्सा, गुरसरांय एवं बड़ागांव में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 16 सितम्बर 2026 से 18 अक्टूबर 2026 के मध्य में नगर निगम के सभी वार्डो में सघन जनसम्पर्क किया जायेगा तथा 15 वार्डो में मशाल जलूस निकाला जायेगा तथा 15 वार्डो में खून से पत्र लिखे जायेगे।

ये मांगें की गईं

- बुंदेलखंड के सभी मेडिकल कालेजों, सरकारी अस्पतालों एवं में चिकित्सक, मेडिकल, पैरामेडिकल, नर्सिंग एवं अन्य स्टाफ की रिक्तियां को समयबद्ध भरा जायें व उपकरणों को पूरा किया जाये।
- बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को स्ववित पोषित की जगह एडिड किया जाये, जिसमें छात्र/छात्राओं की फीस में कमी आ सके जिसे वे अपनी पढ़ाई को आसानी से कर सकें। साथ ही सभी शिक्षकों को संविदा की जगह नियमित किया जाये । प्राइमरी से लेकर महाविद्यालय तक सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की रिक्तियां शीघ्र भरी जायें एवं विद्यालयों का जीर्णोद्धार समय बद्ध कराया जाये।
- बुंदेलखंड क्षेत्र में ए20 (एथेनॉल) का प्रयोग नहीं कराया जाये क्योंकि बुन्देलखण्ड के लोगो के पास पैसा नहीं है जो अपने वाहन को ठीक करवा सकें एवं कम एवरेज की कमी को झेल पायें।
- बुंदेलखंड क्षेत्र में चल रहे अवैध नर्सिंगहोम्स में संलिप्त पूर्व सी.एम.ओ., पूर्व सचिव जे.डी.ए. व वर्तमान अधिशासी अभियंता जे.डी.ए. व जिला अग्निशमन अधिकारी की भ्रष्ट कार्य प्रदृवति की उच्च स्तरीय जाँच समय ब(कराई जाये।
- केन बेतवा नदी गठजोड़ योजना के विस्थापित लोगो को उचित मुआवजा दिया जाये तथा भ्रष्टाचार की समय सीमा में जाँच करवाई जाये।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि आन्दोलन वार्ता का मार्ग खोलता है। सरकार तो आपकी बात मानकर वार्ता करने आने से रही, आप अपने ही संगठन (आर.एस.एस.) को वार्ता के लिये भेज दीजिये । अनशन एवं सत्याग्रह व राम कौ कौल (कसम) अभियान के लिये जनता को आने वाले चुनाव में सत्ताधारियों को हराने के लिये गंगाजली उठवाकर इस अभियान में गांव-गांव व वार्डो से योद्धाओं को तैयार किया जाएगा।

मोबाइल को मालिक नहीं, साधन बनाएं, लक्ष्य और व्यक्तित्व निर्माण पर दें ध्यान

बेहतर भविष्य बनाने के लिए युवा व विद्यार्थी मोबाइल से बनाएं दूरी : बीके चित्ररेखा दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, वरदानी भवन रेलवे कॉलोनी ललितपुर सेवा केंद्र की राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने युवाओं एवं विद्यार्थियों को मोबाइल के बढ़ते दुरुपयोग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि बेहतर भविष्य जरूरी है, इसलिए मोबाइल से दूरी जरूरी है। बीके चित्ररेखा दीदी ने कहा कि मोबाइल वर्तमान समय में ज्ञान, शिक्षा और सुविधाओं का महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन इसका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग विद्यार्थियों के समय, एकाग्रता तथा मानसिक शांति को प्रभावित कर रहा है।



उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मोबाइल की आभासी दुनिया में अधिक समय बिताने के बजाय अपने लक्ष्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान बिताया गया प्रत्येक क्षण जीवन की दिशा निर्धारित करता है। जिस समय को मोबाइल की स्क्रीन पर अनावश्यक रूप से खर्च किया जा रहा है, उसी समय का सदुपयोग अध्ययन, आत्मचिंतन, रचनात्मक कार्य और व्यक्तित्व विकास में किया जाए तो यही बेहतर भविष्य की मजबूत नींव बन सकता है। राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने विद्यार्थियों को मोबाइल के संतुलित उपयोग के साथ जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन, राजयोग मेडिटेशन और श्रेष्ठ संगति को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का विरोध करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उसके सही और सीमित उपयोग की समझ विकसित करना जरूरी है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा, मोबाइल को अपना मालिक नहीं, साधन बनाइए; क्योंकि आज की समझदारी ही कल का बेहतर भविष्य बनाएगी। उन्होंने कहा कि यदि युवा अपनी ऊर्जा और समय को सही दिशा में लगाएं तो वे न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

झूठे मुकदमे में फंसाने, फांसी लगाने की धमकी देने का आरोप

गोबर डालने को लेकर विवाद में महिला से की मारपीट, तीन पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बालाढ़ाना में जमीन पर गोबर डालने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट और धमकी तक पहुंच गया। आरोप है कि तय स्थान पर गोबर डालने गई महिला के साथ तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के देवर के साथ भी अभद्रता और हाथापाई का प्रयास किए जाने का आरोप है। उसने आरोपियों पर झूठे मुकदमे में फंसाने तथा पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बालाढ़ाना निवासी जलेबबाई पत्नी महेन्द्र सिंह, उम्र करीब 45 वर्ष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 सितम्बर 2026 को दोपहर करीब 3.30 बजे वह अपनी तय जगह पर गाय का गोबर डालने गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद बालाढ़ाना निवासी राजकुमारी पत्नी बलराम, रामकुंवर पत्नी स्वरूप सिंह और आदित्य पुत्र बलराम ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया।

विवाद बढ़ने पर तीनों आरोपियों ने जलेबबाई के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर सुनकर उसके देवर राजपाल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज की तथा हाथापाई का प्रयास किया।

आरोप है कि आरोपी पक्ष द्वारा लगातार उन्हें जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। आरोप यह भी है कि आरोपी पक्ष ने अपनी सास को नुकसान पहुंचाकर उसका आरोप शिकायतकर्ता पक्ष पर लगाने तथा घर के सामने लगे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की धमकी दी। उसने पुलिस को बताया कि धमकी से संबंधित बातचीत अथवा घटना का साक्ष्य उसके मोबाइल फोन में मौजूद है।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश की जिला शाखा ललितपुर ने कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों के निस्तारण को लेकर आवाज बुलंद की है। रविवार को जिला शाखा की बैठक अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के बाद संघ की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश मनोहरलाल पंथ एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में शासन स्तर पर कई वर्षों से लंबित कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने की मांग की गई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से

दीवानी न्यायालय कर्मचारियों ने उठाईं लंबित मांगें, 25 अक्टूबर को सत्याग्रह की चेतावनी



विभिन्न मांगें शासन स्तर पर लंबित हैं, लेकिन अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी है। कर्मचारियों ने मांगों का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी है। संघ की ओर से वर्ष 2021 एवं 2022 से लंबित जिला न्यायालय सेवा नियमावली में संशोधन का प्रख्यापन किए जाने की मांग की गई है। इसके अलावा माननीय न्यायालय के आदेश के अनुरूप संविदा कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी एवं उनके नियमितीकरण की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। ज्ञापन में न्यायालयों में लोप हो चुके वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद का पुनर्सृजन कराने, पूर्व वेतनमान 4600 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को उसी विभाग के अन्य राजपत्रित पदों के अनुरूप प्रतिष्ठा प्रदान करने तथा मकान किराया भत्ता की दरों का पुनरीक्षण किए जाने की मांग की गई।

इसी क्रम में संघ ने लिपिकीय भर्ती के स्तर पर न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित करने तथा ग्रेड पे 2800/लेवल-5 प्रदान करने की मांग भी उठाई है। संघ के सचिव सोमकार्तिकेय गोस्वामी ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

राजकीय आईटीआई में प्रवेश की द्वितीय चरण की चयन सूची जारी, 17 तक प्रवेश का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में अगस्त-2026 सत्र में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की चयन सूची जारी कर दी गई है। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी चयन सूची में ललितपुर जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली एवं मड़ावरा में विभिन्न व्यवसायों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। कार्यालय नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर के अनुसार द्वितीय चरण में चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथि 17 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। अवकाश के दिनों में भी प्रवेश की प्रक्रिया जारी रहेगी। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि तक संबंधित आवंटित संस्थान में स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। अंतिम तिथि के बाद प्रवेश दिया जाना संभव नहीं होगा। चयनित अभ्यर्थी राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट अथवा प्राविधिक शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने आवंटित व्यवसाय एवं संस्थान का आवंटन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय आवंटन अथवा बुलावा पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

तालबेहट स्टेशन के पास सोते में वारदात

ट्रेन में महिला यात्री का मोबाइल और नकदी से भरा पर्स चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अमृतसर से रानी कमलापति (भोपाल) जा रही महिला यात्री के सोते समय अज्ञात बदमाश ने उसके बैग से कीमती मोबाइल फोन और नकदी से भरा पर्स चोरी कर लिया।

घटना का पता ट्रेन के तालबेहट रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर चला। पीड़िता की शिकायत पर जीआरपी थाना मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी थाने में दर्ज मामले के अनुसार, भोपाल निवासी सुषमा सैनी पत्नी शैलेष सैनी, उम्र करीब 58 वर्ष, गत 10 अगस्त 2026 को अपनी जेठानी के साथ ट्रेन संख्या 11058 अमृतसर-सीएसएमटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान वह अपनी बर्थ पर सो रही थीं। 11 अगस्त 2026 की सुबह करीब 5.43 बजे ट्रेन जब तालबेहट रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तो वह उठीं। फोन से किसी को कॉल करने के लिए जब उन्होंने अपना बड़ा बैग देखा तो उसके अंदर रखा महरून रंग का लेडीज साइड पर्स गायब मिला। पर्स की आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

अत्यंत जरूरतमंद मरीज के लिए लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील

30वीं बार रक्तदान कर समीर ने पेश की मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मानव सेवा और जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी क्रम में पुलिस लाइन ललितपुर के प्रभारी रेडियो निरीक्षक समीर गुप्ता ने मानवता और सेवा भावना की एक और मिसाल पेश करते हुए अत्यंत जरूरतमंद मरीज के लिए 30वीं बार रक्तदान किया। समीर गुप्ता द्वारा किए गए इस रक्तदान की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। लगातार 30वीं बार रक्तदान कर उन्होंने यह संदेश दिया कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति के



जीवन को बचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। रक्तदान के अवसर पर समीर गुप्ता ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। कई बार गंभीर बीमारी, दुर्घटना, ऑपरेशन अथवा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में रक्तदाता द्वारा दिया गया रक्त किसी परिवार के लिए उम्मीद की किरण बन जाता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जब भी अवसर मिले, स्वस्थ एवं योग्य लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करने से हम किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने में अपना योगदान दे सकते हैं। हमारा थोड़ा सा प्रयास किसी परिवार की खुशियां वापस ला सकता है। समीर गुप्ता ने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों के मन में कई तरह की भ्रांतियां होती हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि रक्तदान सीधे तौर पर किसी इंसान का जीवन बचाने से जुड़ा हुआ है। उन्होंने युवाओं सहित सभी स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से नियमित अंतराल पर रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का निवेदन किया। समीर गुप्ता का यह 30वां रक्तदान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति जरूरत के समय रक्तदान करने का संकल्प ले तो रक्त की कमी की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

पाडली गुसाईं कांड में पुलिस ने किया खुलासा

चोर नहीं, कलयुगी बेटा ही निकला पिता का हमलावर, खर्च के विवाद में सो रहे पिता पर किया था कुल्हाड़ीनुमा हथियार से वार

गांव में रोज भैंस चोरी करने वालों की फैल रही थी दहशत, मारने की बनाई थी प्लानिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



आरोपी दीपक पुरी





आरोपी का पिता कमल पुरी

मलावर थानांतर्गत आने वाले ग्राम पाडली गुसाईं में शनिवार सुबह चार बजे के आसपास किसान कमल पुरी पर चोरो ने जानलेवा हमला कर दिया था। मामले में मालावर पुलिस ने चंद घंटों में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए घटना का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस के मुताबिक रात के अंधेरे में गांव भैंस चुराने आए अज्ञात चोरों द्वारा हमले की जो कहानी गढ़ी गई थी, वह पूरी तरह मनगढ़ंत और झूठी निकली। कमल पुरी की गर्दन और शरीर पर जानलेवा हमला करने वाला कोई बाहरी बदमाश नहीं, बल्कि उसका सगा बेटा दीपक पुरी ही निकला। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

खर्च नहीं मिलने और पत्नी के मायके जाने से था नाराज

पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी बेटे दीपक ने पूछताछ में हमले की खौफनाक वजह का खुलासा किया। उसने बताया कि पिता कमल पुरी उसे रोजमर्रा के खर्च के लिए पैसे नहीं देते थे और आए दिन उसकी पत्नी के साथ झगड़ा करते थे। इसी कलह के चलते तंग आकर उसकी पत्नी मायके चली गई थी। पिता के इस रवैये से दीपक लगातार गुस्से में था और उसने अपने ही पिता को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली।

रात 2 बजे किया हमला, झूमाझटकी के बाद बेहोश हुए पिता

दीपक ने बताया कि उसने वारदात को सुबह नहीं, बल्कि रात करीब 2 बजे अंजाम दिया था। जब पिता गहरी नींद में सो रहे थे, तभी उसने धारदार हथियार से अचानक उनकी गर्दन पर वार कर दिया। हमले से संभलते हुए पिता और बेटे के बीच कुछ देर झूमाझटकी भी हुई, लेकिन खून से लथपथ होकर कमल पुरी वहीं जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए।

2 घंटे तक देखता रहा पिता की हालत, सांसें चलती देख रचा ड्रामा

वारदात के बाद आरोपी करीब दो घंटे तक मौके पर ही रहा। जब 4 बजे तक भी पिता की सांसें चलती रहीं और वे मरे नहीं, तो दीपक बुरी तरह घबरा गया। उसे लगा कि यदि पिता बच गए तो उसका भेद खुल जाएगा या फिर उसे पिता को बचाना पड़ेगा। खुद को बचाने के लिए उसने तुरंत गांव में पिछले 17 दिनों से चल रही चोरी की वारदातों का फायदा उठाने का मन बनाया। उसने सुबह करीब 4 बजे अपने छोटे भाई को जगाया और चीख-पुकार मचाना शुरू कर दिया कि घर में घुसे अज्ञात चोरों ने भैंस चुराने के दौरान पिता पर हमला कर दिया है।

गांव में भैंस चोरी का 17 दिन से फैला रखी थी दहशत

शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने तुरंत एकत्रित हुए और पुलिस को सूचना दी। 17 दिनों में तीसरी वारदात की खबर से गांव में आक्रोश फैल गया। मौके पर मालावार थाना प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल पिता को नरसिंहगढ़ अस्पताल भेजा। वहां उसकी हालत नाजुक देख भोपाल रेफर कर दिया गया हैं, और इधर जब घटनास्थल का मुआयना किया तो उन्हें किसी बाहरी व्यक्ति के जबरन घुसने के निशान नहीं मिले।

परिजनों की पूछताछ में हुआ खुलासा

जांच के दौरान जब पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की, तो बेटे दीपक की बातों और हाव-भाव पर पुलिस को गहरा शक हुआ। संदेह के आधार पर पुलिस उसे तुरंत थाने ले आई। थाने में मनोवैज्ञानिक तरीके से की गई कड़ी पूछताछ में दीपक अपने ही बयानों में उलझने लगा और पुलिस की सख्ती के आगे टूट गया। उसने कबूल किया कि उसी ने सो रहे पिता पर हमला किया था और फिर चोरी का झूठा ड्रामा रचा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इनका कहना है...

हमने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कमल पूरी पर हमला करने वाला उसका ही पुत्र दीपक पूरी है, उसने कबूल किया है कि पिता उसको खर्च के पैसे नहीं देते थे और उसकी पत्नी से झगड़ा करते थे इसीलिए उसने अपने पिता पर जानलेवा हमला किया।

-रजनीश सिरोठिया,
थाना प्रभारी पुलिस थाना मालावार।

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम में जनता से सीधा संवाद

लोग पुलिस से संबंधित किसी भी समस्या को बेहिचक पुलिस के समक्ष रखें: एसपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत पीलूखेड़ी क्षेत्र के गीलाखेड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा सहित कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नागरिकों से सीधा संवाद किया।

एसपी ने कहा कि पुलिस से संबंधित किसी भी समस्या को बेहिचक पुलिस के समक्ष रखें। तोलानी ने भूमि विवादों को प्रांरभिक स्तर पर संवाद एवं आपसी सुलह से सुलझाने, सायबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने एवं दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने व शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनविश्वास की अवधारणा के अनुरूप शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन को सरल प्रक्रिया एवं कम से कम खर्च में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार, समग्र पंजीयन एवं लोक सेवा केंद्रों से प्राप्त आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण की समीक्षा की। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों - कर्मचारियों को अधिक से अधिक फील्ड में पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने तथा ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा।

उत्कृष्ट विवेचना के लिए पुलिस अधिकारी सम्मानित

कार्यक्रम में उप निरीक्षक सुश्री पूजा राठौर को बलात्कार के प्रकरण में प्रभावी विवेचना कर आरोपी को न्यायालय से 20 वर्ष की सजा दिलाने तथा उप निरीक्षक श्री प्रवीण जाट को सुठालिया थाना क्षेत्र के हत्या प्रकरण में प्रभावी विवेचना कर 09 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनविश्वास अभियान के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया।

पर्युषण पर्व के दौरान जैन प्रतिमाओं की अंग रचना से अभिभूत हुए समाजजन



भानपुरा/मंदसौर। स्थानीय जैन श्वेताम्बर समाज में आठ दिवसीय पर्वाधिराज पर्युषण पर्व चल रहे हैं। इस अवसर पर प्रभु भक्ति के साथ ही तप आराधना भी चल रही है। पर्यूषण पर्व में समस्त समाज जन पूरे उत्साह व धार्मिक भावना के साथ समस्त आयोजनों में शामिल हो रहे हैं। साथ ही प्रतिदिन भलवाडा पार्श्वनाथ मंदिर में जिन शासन सेवक मंडल के बालक बालिकाओं द्वारा भगवान कि प्रतिमाओं कि भव्य अंग रचना श्रंगार किया जा रहा है।

हिन्दी जागरुकता रैली आज निकाली जाएगी

मंदसौर। मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई के तत्वावधान में अभा साहित्य परिषद जिला इकाई एवं हिंदी प्रेमियों के सहयोग से 14 सितंबर हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रतिवर्षण अनुसार हिन्दी जागरूकता रैली निकाली जाएगी, जो सुबह 9:30 बजे सरदार पटेल चौराहा से आरंभ होकर भारत माता चौराहा पर संपन्न होगी। सम्मेलन की जिला इकाई के अध्यक्ष वेद मिश्रा सचिव जयेश नागर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रजेश जोशी संयोजक द्वय गायत्री प्रसाद शर्मा सत्येंद्र सिंह सोम अभा साहित्य परिषद के अध्यक्ष नरेन्द्र भावसार,सचिव नन्द किशोर राठौड़ प्रवक्ता नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने हिन्दी प्रेमियों से हिंदी जागरूकता रैली में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

क्रोध नहीं, क्षमा और करुणा से ही संभव है आत्म-कल्याण : आचार्य विवेकचंद्रसागर

आदिनाथ जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व पर आयोजित हो रही विशेष धर्मसभा



मंदसौर। नगर के नयापुरा रोड स्थित श्री आदिनाथ जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व के अवसर पर विशेष धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा में कल्पसूत्र के वाचन के दौरान आचार्य श्री विवेकचंद्रसागर सूरी महाराज ने भगवान महावीर के जीवन वृत्तांत का जीवंत वर्णन करते हुए कहा कि भगवान महावीर ने राजशाही वैभव और विलासिता का त्याग कर वैराग्य का मार्ग चुना तथा कठोर तप-साधना से केवलज्ञान प्राप्त किया। महाराज श्री ने बताया कि सांसारिक भोग-विलास आत्मा के कल्याण का मार्ग नहीं है। आसक्ति से अनासक्ति, राग से विराग, मोह से अमोह, हिंसा से अहिंसा, असत्य से सत्य, परिग्रह से अपरिग्रह तथा प्रवृत्ति से निवृत्ति के मार्ग को अपनाकर एवं दया, क्षमा व करुणा के भावों को जीवन में आत्मसात करके ही आत्मा अपने परम लक्ष्य परमात्मा की ओर अग्रसर होकर मोक्षगामी बन सकती है।

आचार्य श्री ने चंडकौशिक नाग का दृष्टांत देते हुए समझाया कि वह एक अत्यंत क्रोधी और विषैला सर्प था, जो अनेक लोगों को डस चुका था। जब भगवान महावीर उसके क्षेत्र से गुजरे, तो उसने क्रोधित होकर फुंकारा और उन्हें डसने का प्रयास किया। किंतु भगवान ने उसके प्रति रंचमात्र भी क्रोध न दिखाते हुए शांत मन से उपदेश दिया और उसे पूर्व कर्मों का बोध कराया। इससे नाग को पश्चाताप हुआ और उसे आत्मबोध प्राप्त हुआ। इस घटना से यह सीख मिलती है कि क्रोध का उत्तर क्रोध से नहीं, बल्कि अहिंसा, करुणा और क्षमा से ही संभव है। प्रतिकार की भावना से व्यक्ति की मुक्ति संभव नहीं होती, जबकि समभाव, संयम, समता और सहिष्णुता से आत्मा निर्मल एवं पवित्र बनती है। आत्मशुद्धि, विचार शुद्धि और मन की शुद्धि से ही आत्मा परम वैभव को प्राप्त कर सकती है।

शिवना शुद्धिकरण के 142वें दिन नदी से 1 ट्रॉली कचरा निकाला

शिवना की स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत रविवार को 142वें दिन भी श्रमदान का क्रम निरंतर जारी रहा। श्रमदानियों ने शिवना नदी के किनारे पहुंचकर सामूहिक रूप से सफाई कार्य किया। इस दौरान नदी के घाटों को धोकर साफ किया गया, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

श्रमदान के दौरान नदी से प्लास्टिक कचरा बाहर निकाला गया। इसके साथ ही नदी के आसपास फैली गाजर घास की भी सफाई की गई। सामूहिक श्रमदान के चलते नदी किनारे का स्वरूप और अधिक स्वच्छ एवं सुंदर नजर आने लगे। विधायक विपिन जैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा की शिवना नदी में किसी भी प्रकार का कचरा, प्लास्टिक, फूल-माला अथवा अन्य सामग्री न डालें। नदी किनारे रखे गए कलश में ही कचरे डालें या निर्धारित एवं उचित स्थान पर ही डालें।

जैन ने आगे कहा कि कि शिवना को स्वच्छ रखना केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है और न किसी एक की बस की बात है बल्कि शहर के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जैन ने सभी नगर वासियों से अनुरोध किया कि प्रातः 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर आएं। श्रमदान करने वालो में विधायक विपिन जैन, समाजसेवियों में रमेश सोनी,हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, राकेश जैन पिन्टू, राहुल जेन महिला नेत्रियों में अनीता कोरी, प्रमिला पंवार कांग्रेस जन में सादिक गोरी खलील पठान, तरुण खींची, शैलेंद्र गोस्वामी, राजनारायण लाड़, शैलेंद्र बघेरवाल, दिलीप देवड़ा, विकास दशोरा, विश्वास दुबे, अजय सोनी, रमेश कुमावत, कपिल पंड्या, जयेश पालीवाल, दिनेश जेठानियां, राहुल तिवारी, कैलाश कुमावत, दिनेश चौधरी, राकेश सेन, अकरम खान, आमीन खान, अंसार मेव, नितनेश बसेर, ऋषिराज लाड़ आदि ने श्रमदान में सहभागिता की।

प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अपर लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता भगवतीलाल शर्मा ने बताया कि फरियादी अयान मेवाती एवं अभियुक्त फैजान को बाइक की टक्कर को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दिनांक 2 जुलाई 2025 को शाम को 5 बजे जब फरियादी अयान अपने मित्र शाहरुख की बाइक पर पीछे बैठकर मजदूरी करके वापस अपने घर जा रहा था और जैसे ही वे शुक्ला चौक पहुंचे कि अभियुक्त फैजान दौड़कर पास आया और पुराने विवाद की बात को लेकर फरियादी अयान के साथ चाकू से मारपीट करने लगा, और उसके बाएं हाथ की कलाई, बाजू ,गर्दन व सिर में चाकू से मारा और जब उसके दोस्त शाहरुख ने बचाने का प्रयास किया तो अभियुक्त चाकू लेकर भाग गया। शाहरुख ने फरियादी को सरकारी अस्पताल में भर्ती किया तथा अस्पताल में ही फरियादी अयान द्वारा देहाती नालसी के रूप में थाना शहर कोतवाली पर अपराध पंजीबद कराया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना की। अभियुक्त फैजान से चाकू जप्त किया गया और संपूर्ण अनुसंधान पूर्ण कर पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में 10 साक्षियों के कथन दर्ज कराए तथा साक्ष्य के आधार पर मामला पूरी तरह से प्रमाणित किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन पक्ष का संपूर्ण मामला संदेह से परे होना माना गया। न्यायाधीश अनीश कुमार मिश्रा सत्र न्यायालय मंदसौर द्वारा अभियुक्त फैजान पिता फिरोज खा निवासी मदारपुर मंदसौर को 7 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

मंदसौर के बेसबॉल खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, उज्जैन संभाग को रजत पदक



मंदसौर। छतरपुर में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय अंडर-14 बेसबॉल प्रतियोगिता 2026 में मंदसौर जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन संभाग की टीम को रजत पदक दिलाने में योगदान दिया। मंदसौर के रुद्र खत्री (कप्तान), रणवीर घारू (उपकप्तान), वंश बडसोलिया, गोरांश बैरागी, विराट माटी, अश्विन एवं रणवीर सिंह ने उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व किया और पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कप्तान रुद्र खत्री ने उत्कृष्ट नेतृत्व एवं शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ पिचर का पुरस्कार भी हासिल किया। वहीं उपकप्तान रणवीर घारू सहित सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन टीम भावना और खेल कौशल का परिचय देते हुए टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। उज्जैन संभाग की टीम के साथ लोक शिक्षण संचालनालय के रेफरी ओमप्रकाश सूर्यवंशी एवं दीपक विश्वकर्मा, दल प्रबंधक महेंद्र शुक्ला एवं टीम मैनेजर महेश रेठा तथा कोच रोशन पठान, विपिन राव, ललिता माली एवं पूजा धाकड़ का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

मातृ-शिशु मृत्यु दर की समीक्षा, कम प्रगति वाले ब्लॉक को 1 हफ्ते की मोहलत दी गई

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शनिवार को कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशों पर जिले की मातृ एवं शिशु मृत्यु प्रकरणों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान ने प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष तक के 262 शिशु मृत्यु प्रकरण रिपोर्ट हुए हैं, जिनके सटीक कारणों का पता लगाकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही जिले में कुल 5 मातृ मृत्यु प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट और उपचार संबंधी सभी दस्तावेजों के आधार पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शेख जलालुद्दीन ने पीपीटी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य टीमों को बुला कर प्रत्येक मातृ मृत्यु प्रकरण की गहन समीक्षा की। समीक्षा में शामिल 5 मातृ मृत्यु प्रकरणों में ब्यावरा से 1 प्रकरण, राजगढ़ से 2 प्रकरण और नरसिंहगढ़ से 2 प्रकरण शामिल थे।

मृतका के परिजनों को भी विशेष रूप से बुलाया गया था। अधिकारियों ने परिजनों से महिला की शुरुआती स्वास्थ्य समस्याओं से लेकर अस्पताल में उपचार मिलने तक के पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और उचित कार्यवाही के निर्देश दिये। शिशु मृत्यु समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य पोर्टल पर कम उपलब्धि दर्ज कराने वाले ब्लॉकों को कार्य सुधारने के लिए एक सप्ताह का अंतिम समय दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य उन गलतियों को चिन्हित करना है जिनके कारण मृत्यु हुई।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर इकाई ने हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर इकाई द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि वैज्ञानिक नरेंद्र सिंह सिपानी ने की। समारोह में साहित्यकार प्रमोद रामावत (नीमच) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. प्रकाश उपाध्याय एवं शायर फजल हयात (जावरा) ने विशेष अतिथि के रूप में मंच की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में पंडित देवेश्वर जोशी, डॉ. उर्मिला तोमर, नरेंद्र सिंह राणावत, डॉ. रवींद्र सोहनी, इंजीनियर दिलीप जोशी, विजय अग्निहोत्री, प्रकाश कल्याणी, मनी शामगढ़वाला, बंसीलाल टाक, अजीजुल्लाह खान, नरेंद्र भावसार, नंदकिशोर राठौर, नरेंद्र त्रिवेदी, अजय डांगी तथा चंदा डांगी सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्धजन एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

हेमा भावसार ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं नंदकिशोर राठौड़ ने परिषद गीत 'भारती की लोकमंगल साधना साकार हो' का गायन किया। मुख्य अतिथि प्रमोद रामावत ने हिंदी भाषा और हिंदुस्तान के सामाजिक सामंजस्य को रेखांकित करते हुए 'मुझको यही जमीन यही आसमान मिले, मरकर दोबारा आऊं तो हिंदी जबान मिले...' मुक्तक के साथ अपनी काव्य प्रस्तुति की शुरुआत की। उन्होंने अपनी गजलों, शेरों और दोहों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जावरा के डॉ. प्रकाश उपाध्याय ने राग मालकंस पर आधारित गीत 'राम नाम लिखता हूं, राम नाम गाता हूं' अत्यंत मधुर शैली में सुनाकर भूरि-भूरि प्रशंसा बटोरी। वहीं, जावरा के शायर फजल हयात ने 'हिंदी ने लहू अपना उर्दू को पिलाया है, यह एक जुबान है जिसे दो माताओं ने पाला है' जैसे अर्थपूर्ण शेरों और गजलों से महफिल में समां बांध दिया।

चरणों की पूजा से ही कई लोगों को असाध्य रोगों से मुक्ति मिली

कचनारा में बाबा रामदेव मेला का आयोजन, दरबार में उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर



बाबा रामदेव के यूं तो पूरे देश में अनगिनत मंदिर हैं और प्रत्येक मंदिर से आस्था जुड़ी है, किंतु इनमें से कुछ स्थल ऐसे हैं जिन्हें आध्यात्मिक चिकित्सालय माना जाता है। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के कचनारा (नाहरगढ़) गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर टेकरी पर स्थित बाबा रामदेव मंदिर भी कुछ ऐसा ही है। मंदसौर-कयामपुर मार्ग पर मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर प्रमुख सड़क मार्ग पर स्थित कचनारा में धाम वैसे तो बहुत प्राचीन है। यहां वर्षों से चरणों की पूजा होती आई है और चरणों की पूजा से ही कई लोगों को असाध्य रोगों से मुक्ति मिली है। टेकरी पर पूरा परिसर हरियाली से सुसज्जित है। रविवार को विशालतम मेले का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। शनिवार से टेकरी पर श्रद्धालुओं का जमघट लगना शुरू हो गया था।

101 सीढ़ियां चढ़कर पहुंचते हैं मंदिर

बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण के पूर्व दिशा में प्राचीन समय के पुजारी की समाधि है, जहां माथा टेकने एवं परिक्रमा करने की परंपरा प्रचलित है। ठीक मुख्य गृह एवं समाधि के बीच में यज्ञशाला है, जो कि मूर्ति स्थापना के समय यज्ञशाला बनाकर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को पूर्ण किया गया था। इस महोत्सव की स्मृति में इस यज्ञशाला की स्थापना हुई। दक्षिण दिशा में अलग-अलग समाजों द्वारा धर्मशालाएं बनाई हुई हैं। साथ ही पास में समिति द्वारा एक वृहत भोजनशाला का निर्माण किया गया है। उत्तर दिशा में प्रमुख सड़क मार्ग से लगभग 101 सीढ़ियां चढ़कर मंदिर तक पहुंचा जाता है। प्रमुख मंदिर के बीच एक बाबा की धूनी है, जहां पर भजन-कीर्तन किया जाता है। पिछले कई वर्षों से अखंड ज्योत जल रही है। भादवा सुदी बीज को मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में दूरदराज से श्रद्धालु लौटकर यात्रा व पैदल बाबा के जयकारे के साथ दर्शन करने आते हैं।

1999 में मंदिर जीर्णोद्धार का काम हुआ: वर्ष 1999 में स्थानीय समिति द्वारा मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया था। इसके बाद राजस्थान के पिड़वाड़ा गांव के कारीगरों ने मूर्ति स्थापना का काम किया। मूर्ति का भार करीब 2 क्विंटल है। मूर्ति स्थापना वैशाख सुदी पूर्णिमा, 23 मार्च 2005 को हुई थी। मान्यता है कि जिन महिलाओं को संतान सुख नहीं मिलता, वे मंदिर परिसर में स्थित धूनी पर पालने बांधती हैं। वैसे तो मुख्य मेला भादवा सुदी बीज बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव के दिवस पर्यंत रहता है, लेकिन 1 दिन पूर्व व 1 दिन बाद भी श्रद्धालुओं का जमघट लगा रहता। शनिवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही ओर मेले में व्यापारियो कों उपलब्ध प्लाट पर व्यापारियों द्वारा सुबह से ही दुकानें लगा ली थी।